सूचना और प्रसारण मंत्रालय

Azadi Ka Amrit Mahotsav

डीडी चंदना के यूट्यूब पर 10 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स हुए, डिजिटल प्रसार भारती को दक्षिणी भारत में प्रोत्साहन मिला

प्रविष्टि तिथि: 13 OCT 2021 11:53AM by PIB Delhi

गुणवत्तापूर्ण सामग्री और डिजिटल-प्रथम दृष्टिकोण के आधार पर भारत के दक्षिणी क्षेत्र से प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म ने कुछ ही वर्षों में लंबा सफर तय कर लिया है।

इस बीच, डीडी चंदना (कर्नाटक) यूट्यूब पर 10 लाख सब्सक्राइबर्स बनाकर मील का पत्थर हासिल करने वाला क्षेत्र का पहला चैनल बन गया है और डीडी सप्तगिरी (आंध्र प्रदेश) तथा डीडी यादगिरी (तेलंगाना) तेजी से 5 लाख सब्सक्राइबर्स बनाने का लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर हैं।



1 लाख से अधिक यूट्यूब सब्सक्राइबर्स के साथ तमिल और मलयालम समाचार इकाइयां तथा दूरदर्शन के केंद्र एक दूसरे के साथ और स्थानीय भाषाई मीडिया उद्योग के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।



इन यूट्यूब चैनलों पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले वीडियो में कॉमेडी और टेलीफिल्म्स से लेकर सेलिब्रिटी इंटरव्यू तथा शैक्षिक सामग्री तक शामिल हैं।



दूरदर्शन के राष्ट्रीय चैनलों में अंतर्राष्ट्रीय अंग्रेजी समाचार चैनल 'डीडी इंडिया' ने विशेष रूप से युवाओं एवं वैश्विक दर्शकों के लिए बनाई गई भारत की कहानी बताने वाली अनूठी सामग्री के कारण हाल ही में यूट्यूब पर 1 लाख सब्सक्राइबर्स की संख्या को पार कर लिया है।



एमजी/एएम/एनके

(रिलीज़ आईडी: 1763564) आगंतुक पटल : 68

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Gujarati , Tamil , Telugu , Kannada